# D.A.V. PUBLIC SCHOOLS, BHUBANESWAR

## ANNUAL EXAMINATION, 2021-2022

## CLASS — VI
## SUBJECT — HIGHER HINDI

**TIME-2HRS** **MAX MARKS-40**

सामान्य निर्देश :-

- इस प्रश्न पत्र में चार खंड़ हैं- क,ख, ग,घ।
- कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में 8 प्रश्न हैं।
- प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए,उत्तर पुस्तिका में सुंदर हस्ताक्षर में लिखें।
- प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले, प्रश्न का क्रम संख्या अवश्य लिखें ।

**खंड-क**

प्र.1 निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर लिखें। 3x 1=3

महाभारत में कहा गया है कि सभी नदियाँ सरस्वती की तरह पूज्य है इसलिए हमारे यहाँ वेदों ने वरूण को जल का देवता माना,तो नदी को जल की देवी। नदियों में भी गंगा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, सिंधु और कावेरी पवित्रतम मानी गई है।गंगा की सवारी मगरमच्छ और यमुना की सवारी घड़ियाल को माना गया है। तालाब, झरने या तलैया जैसे छोटे जलस्त्रोतों से भी कई स्थानीय देवियों –परियों को जोड़ा जाता है। जल हमारे जीवन का आधार है। भारत की तरह दुनिया के और देशों में भी जल से जुड़े कई देवी-देवता हैं। मिस्त्र में प्रमुख देवी आइसिस को समुद्र की रानी माना गया। वहाँ की विशालकाय नील नदी भी गंगा की तरह लोगों, खासकर किसानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। नील नदी का देवता है हापी।

क.गदयांश में किस ग्रंथ का उल्लेख किया गया है ?

ख.वरूण को ————- का देवता माना गया है।

ग .मिस्त्र में कौन सी नदी प्रवाहित होती है ?

## खंड-ख

प्र.2 दिए गए निर्देशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

**. क**.निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए । 1

परीक्षा ,आँख

**ख**.सही स्थान पर उपयुक्त कारक चिह्न लगाइए। 1

रामा ने गरीबो ------- कपड़े दिये। (संप्रदान कारक भरें)

बस -----यात्री उतर गए । (अपादान कारक भरें)

**ग** .निम्न समरूपी भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ स्पष्ट करें।

अनल,अनिल 1

**घ**. निर्गुण शब्द मे से उपसर्ग और मूल शब्द अलग-अलग कर लिखें। 1

**ङ**.निम्न शब्द के समान अर्थ वाले शब्द लिखें। 1

आलय

**च**.वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखें। 1

.जो मिट्टी के बर्तन बनाए-

**छ**. वान प्रत्यय जोड़कर दो शब्द बनाईए। 1

**ज**.निम्न मुहावरे से वाक्य बनाइए।

भनक पड़ना 1

**ग**.निम्न शब्दों के विलोम लिखें। 2

.सम्मान

.नूतन

## खंड-ग

प्र.3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें।(किन्ही छः) (शब्द संख्या 25-30) 2x 6= 12

क.पोंगल का त्योहार कहाँ और कैसे मनाया जाता है ?

ख.जब पिताजी ने स्वामीनाथन को पढ़ने के लिए कहा तो वह क्या सोच रहा था ?

ग.सिद्धार्थ अपने माता –पिता के साथ कहाँ गया और क्यों ?

घ.सुंदरलाल की आत्मग्लानि का क्या कारण् था ?

ङ.सत्यपाल क्या बेचता था और क्यों ?

च.पहाड़ों में घूमते हुए नेहरू जी किसके साथ कहाँ तक पहुँच गए ?

छ. मुसफ़िर को किस यात्रा पर चलना पड़ेगा ?

प्र.4 निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखें (शब्दो के उत्तर 30-40 शब्दो में) 3x1=3

क.मौसी ने पंच के लिए अलगु चौधरी का नाम लिया तो जुम्मन शेख क्यों खुश हुआ?

ख.पतझड़ और वसंत जीवन की किस सच्चाई की ओर संकेत करती है ?

**खंड-घ**

प्र.5 किसी एक विषय पर संवाद लिखें। 3

विद्यालय देर से पहँचने पर दो मित्रों के बीच होने वाले को बातचीत को संवाद के रूप में लिखें।

रेल में सफ़र कर रहे पिता एवं पुत्र के बीच बातचीत को संवाद के रूप में लिखें।

प्र.6 आप छुट्टियों में कहाँ जाना पसंद करेंगे इसके बारे में बताते हुये अपने मित्रा को पत्र लिखिए। 3

प्र.7 किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (70-90 शब्दो में) 3

हमारा देश

स्वच्छता का महत्व

प्र.8 दिए गए चित्र को देखकर अपने मन में आए भावों



को 30-40 शब्दों में

लिखें।　　　　　　3